आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
गुरुवार 05.12.2024
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- राज्य की महत्वपूर्ण वेब एप्लिकेशन्स और डेटा की सुरक्षा के लिए सरकार ने नियर डिजास्टर रिकवरी साइट का शुभारम्भ किया।
- केंद्र सरकार पीएम सूर्य घर– मुफ़्त बिजली योजना के तहत मार्च 2025 तक दस लाख से ज्यादा रूफटॉप सोलर प्लांट लगाएगी।
- हरिद्वार जिला प्रशासन ने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता और पोषण के सुदृढ़ीकरण के लिए मिशन सशक्त अभियान शुरू किया।
- प्रदेश में आठ और नौ दिसंबर को बारिश तथा ऊचाई वाले क्षेत्रों में बर्फबारी की संभावना।

साइबर सुरक्षा

राज्य सरकार की महत्वपूर्ण वेब एप्लिकेशन्स और डेटा की सुरक्षा के लिए नियर डिजास्टर रिकवरी साइट शुरू की गई है। सूचना प्रोद्यौगिकी सचिव नितीश झा ने सचिवालय स्थित डेटा सेंटर में इसका शुभारम्भ किया। उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य डेटा सेंटर की अति महत्वपूर्ण एप्लिकेशन्स और सेवाओं को किसी भी तकनीकी समस्या या आपदा के दौरान बिना किसी रुकावट के सुचारू रूप से संचालित रखना है। आईटी क्षेत्र में इस पहल को नवाचार का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए श्री झा ने कहा कि यह व्यवस्था भविष्य में किसी भी आपदा या तकनीकी समस्या के दौरान महत्वपूर्ण एप्लिकेशन सेवाओं को कम से कम समय में रिकवर कर पुनर्स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगी।

गौरतलब है कि नियर डिजास्टर रिकवरी साइट में डेटा सेंटर की महत्त्वपूर्ण एप्लिकेशन्स का 6 महीने तक का बैकअप उपलब्ध रहेगा। आईटीडीए ने इस सेटअप को बिना किसी अतिरिक्त लागत के तैयार किया है, जबकि बाजार मे इस प्रकार कि साइट डेवलपमेंट के कार्य की लागत लगभग 20 करोड़ रुपये तक आती है।

लक्ष्य

केंद्र सरकार पीएम सूर्य घर– मुफ़्त बिजली योजना के अंतर्गत मार्च 2025 तक दस लाख से ज्यादा रूफटॉप सोलर लगाने वाली है। नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि इसके शुरू होने के नौ महीने के भीतर ही 6 लाख 30 हजार रूफटॉप सोलर लगाए गए हैं। मंत्रालय ने कहा है कि सरकार ने मार्च 2027 तक एक करोड़ रूफटॉप सोलर लगाने का लक्ष्य रखा है।

रिवर राफ्टिंग

ऋषिकेश में राफ्टिंग गतिविधियां बढ़ाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सरकार के इस प्रयास को देखते हुए केंद्र ने भी ऋषिकेश में राफ्टिंग को प्रोत्साहित करने के लिए हाल में सौ करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि इस धनराशि की मदद से राफ्टिंग बेस स्टेशन तैयार किए जाने से, राफ्टिंग गतिविधियों के लिए आधारभूत सुविधाएं विकसित हो सकेंगी। इससे ऋषिकेश में राफ्टिंग गतिविधियां तेज होंगी। श्री धामी ने कहा कि इस परियोजना के तहत राफ्टिंग केंद्रों पर शौचालय, कपड़े बदलने की सुविधा के साथ ही खानपान की सुविधा भी विकसित की जाएंगी। साथ ही तपोवन क्षेत्र में भीड़–भाड़ कम करने के लिए वैकल्पिक मार्गों का भी निर्माण किया जाना है। दो वर्ष की तय समय सीमा में इस परियोजना के कार्यों को पूरा किया जाएगा। इस परियोजना के माध्यम से लगभग पन्द्रह सौ लोगों को रोजगार मिलने का अनुमान है।

यू०पी०सी०एल

प्रदेश ने लगतार बढ़ रही बिजली की मांग को पूरा करने के लिए यू०पी०सी०एल ने विद्युत वितरण क्षेत्र को और अधिक मज़बूत बनाया है। प्रदेशभर में नये उपसंस्थानों का निर्माण और नई लाइनें स्थापित की गई हैं। राज्य में में पिछले वर्षों में विद्युत आपूर्ति की मांग में लगभग 10 प्रतिशत से अधिक की बढोतरी दर्ज की गई, जिसे देखते हुए यू०पी०सी०एल द्वारा एक मजबूत विद्युत वितरण प्रणाली की स्थापना के साथ–साथ परिचालन एवं व्यवसायिक दक्षता में सुधार के लिए अहम कदम उठाये गये। वर्ष 2023–24 में प्रदेश भर में सभी पोषकों पर विद्युत संतुलन बनाये रखने हेतु के लिए चार हजार तीन सौ पचास वितरण परिवर्तक स्थापित किये गये हैं। साथ ही विभिन्न योजनाओं की सहायता से प्रदेश में विद्युत हानियों को कम कर उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता की बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित की जा रही है। पिछले पांच सालों में राज्य की कुल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानि में रिकॉर्ड पांच दशमलव आठ प्रतिशत की कमी आई है, जो सराहनीय है।

मिशन सशक्त अभियान

हरिद्वार जिला प्रशासन ने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के सुदृढ़ीकरण को लेकर मिशन सशक्त अभियान शुरू किया है। अभियान से जिले के 10 लाख से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने बताया कि कार्यक्रम में एक लाख से अधिक पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को टीकाकरण, कुपोषित बच्चों का चिह्नीकरण और  उनके उपचार से संबंधित सेवांए दी जांएगी। साथ ही 20 हजार से अधिक धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी सेवांए उपलब्ध कराई जांएगी।

मौसम

प्रदेश में अब तापमान में और अधिक गिरावट की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राज्य के न्यूनतम और अधिकतम तापमान में अगले तीन से चार दिनों में चार डिग्री सेल्सियस तक गिरावट आ सकती है। इस बीच, मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने आठ और नौ दिसंबर को प्रदेश के विभिन्न स्थानों में बारिश की संभावना जताई है। इस दौरान राज्य के दो हजार पांच सौ मीटर से अधिक ऊंचाई वाले स्थानों पर बर्फबारी का अनुमान है।

गिरफ्तारी

उत्तराखंड पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नशे के खिलाफ एक और सफलता हासिल की है। देहरादून के रायपुर क्षेत्र में ड्रग सप्लाई नेटवर्क चलाने वाले मुख्य तस्कर को थाना राजपुर क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त के पास से एक किलो 16 ग्राम चरस बरामद की गई है, जिसकी कीमत लगभग एक लाख रुपये आंकी गई है।

निरीक्षण

नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना ने कल अधिकारियों के दल के साथ निर्माणाधीन जमरानी बांध परियोजना के निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने बांध परियोजना के उप महाप्रबन्धक बी. बी पाण्डे को जमरानी फीडर नहर के कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। श्री पाण्डे ने आश्वस्त किया कि नहर के डायवर्जन का कार्य अगले 16 महीने में पूरा कर लिया जायेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि क्षेत्रवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में एक दल का गठन किया गया है। दल में कृषि, सिंचाई, लोक निर्माण विभाग, पर्यटन, राजस्व, उरेडा विभाग के अधिकारियों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मुआवजा राशि प्रभावितों को अंतरित कर दी जायेगी।

समाधान

उत्तरकाशी के बड़कोट की जनता को जल्द पानी की समस्या से निज़ात मिल जाएगी। राज्य सरकार ने नैनीताल उच्च न्यायालय में दायर जनहित याचिका पर सुनावई के दौरान पूर्व के आदेश का पालन करते हुए कहा कि 31 मार्च तक बड़कोट में पानी की नियमित सप्लाई हो जाएगी।

सड़क निर्माण कार्य

चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण कार्यो की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने  सड़क और ब्रिज निर्माण कार्यो में पर्याप्त संख्या में श्रमिक और मशीनरी लगाते हुए जल्द से जल्द सभी काम पूरा करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क निर्माण के लिए निर्धारित शर्तो और बॉन्ड के अनुसार जो ठेकेदार काम नहीं कर रहे है, उनके खिलाफ जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाए।

एक नज़र समाचार पत्र की सुर्खियों पर

पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल पर हमले की घटना को सभी समाचार पत्रों ने पहले पृष्ठ पर स्थान दिया है। दैनिक जागरण लिखता है– स्वर्ण मंदिर में सेवादारी की सजा भुगत रहे सुखबीर बाद पर आंतकी ने चलाई गोली।

यू.पी.आर.एन.एल ने घटिया निर्माण का भुगतान नही लौटाया तो होगा मुकदमा। इस शीर्षक के साथ अमर उजाला ने लिखा है– मुख्य सचिव नाराज़ : यू.पी.आर.एन.एल को तत्काल नोटिस जारी करने के दिए निर्देश। पन्द्रह दिन में भुगतान नहीं लौटाया तो होगी कार्रवाई।

शीशमबाड़ा से कूड़ा निस्तारण की ख़बर पर दैनिक जागरण लिखता है– शीशमबाड़ा में पच्चीस करोड़ से हटेगा कूड़े का पहाड़। कूड़ा हटाने के लिए कसरत हुई शुरू, डीएम ने शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को दी जानकारी।

कारगी, आई.एस.बी.टी क्षेत्र और टर्नर रोड के जाम का समाधान होगा। इस शीर्षक के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र ने ख़बर दी है– जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार में आई.एस.बी.टी क्षेत्र में यातायात समस्या के समाधान को लेकर विभिन्न अधिकारियों के साथ की बैठक।

ऋषिकेश में सौ करोड़ के लागत से बनेगा राफ्टिंग स्टेशन। इस ख़बर को पहले पृष्ठ पर स्थान देते हुए नवोदय टाइम्स लिखता है– राफ्टिंग स्थलों में बह्मपुरी, शिवपुरी मरीन ड्राइव, कौडियाला, लक्ष्मण झूला और जानकी झूला का किया जाएगा विकास।